# अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस

## 22 मई, 2011

# मसूरी वन प्रभाग, मसूरी

## वन विभाग उत्तराखण्ड



# प्रस्तावना

अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस, 22 मई, 2011 के अवसर पर मसूरी वन प्रभाग के सौजन्य से आम नागरिकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं में जैव विविधता के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने एवं उन्हें जैव विविधता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मसूरी स्थित विभिन्न विद्यालयों में एक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता परीक्षा सीनियर वर्ग एवं जूनियर वर्ग में आयोजित की गयी तथा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। माननीय विधायक मसूरी श्री जोत सिंह गुनसोला गोष्ठी के मुख्य अतिथितथा पालिकाध्यक्ष श्री ओ०पी० उनियाल विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी मसूरी, उपप्रभागीय वनाधिकारी देहरादून (मसूरी वन प्रभाग) तथा प्रभाग के वनक्षेत्राधिकारी एवं स्टाफ ने भी भाग लिया। यह प्रतियोगिता परीक्षा निम्न विद्यालयों में आयोजित करायी गयी।

1. घनानन्द राजकीय इण्टर कालेज, मसूरी
2. मसूरी गर्ल्स इण्टर कालेज, मसूरी
3. आर० एन० भार्गव इण्टर कालेज, मसूरी
4. सनातन धर्म गर्ल्स इण्टर कालेज, मसूरी
5. निर्मला इण्टर कालेज, बार्लोगंज, मसूरी

इस गोष्ठी में पुरस्कृत छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त उक्त विद्यालयों के अध्यापकों/अध्यापिकाओं तथा मीडिया के लोग भी उपस्थित थे।

गोष्ठी को श्री बी०डी० सिंह उपप्रभागीय वनाधिकारी, श्री हेम शंकर मैन्दोला, वनक्षेत्राधिकारी, श्री रामगोपाल वर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी, श्री ओ०पी० उनियाल, पालिकाध्यक्ष मसूरी तथा श्री जोत सिंह गुनसोला, माननीय विधायक मसूरी ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर विभिन्न छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। गोष्ठी में स्लाइड शो के द्वारा उत्तराखण्ड की समृद्ध जैव विविधता का प्रस्तुतिकरण भी किया गया।

22 मई 2011 अन्तराष्ट्रीय जैवविविधता दिवस के अवसर पर मसूरी में विभिन्न स्कूलों में आयोजित करवाई गयी प्रतियागिता के परिणाम

| क्र0सं0 | विद्यालय का नाम | वर्ग | छात्र/छात्रा का नाम | कक्षा | परीक्षा परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | घनानन्द राजकीय इण्टर कालेज, मसूरी | सीनियर वर्ग | सतीश नौटियाल | 12 (ब) | प्रथम |
| | | | राम सिंह पुण्डीर | 10 (अ) | द्वितीय |
| | | | अंकुश भण्डारी | 12 (ब) | तृतीय |
| | | जूनियर वर्ग | कु0 सोनिया रावत | 8 | प्रथम |
| | | | कु0 प्रिया रावत | 8 | द्वितीय |
| | | | विपिन रावत | 6 | तृतीय |
| 2 | मसूरी गर्ल्स इण्टर कालेज, मसूरी | सीनियर वर्ग | कु0 रुकसाना | 10 | प्रथम |
| | | | कु0अंजली कोटाल | 12 (ब) | द्वितीय |
| | | | कु0 वन्दना | 12 (ब) | तृतीय |
| | | जूनियर वर्ग | कु0 रचना डिमरी | 7 | प्रथम |
| | | | कु0 सोनम गौड | 8 | प्रथम |
| | | | कु0 संजना उप्रेती | 8 | द्वितीय |
| | | | कु0 शिवानी | 8 | द्वितीय |
| | | | कु0 पूजा रावत | 8 | तृतीय |
| 3 | आर0एन0भार्गव इण्टर कालेज, मसूरी | सीनियर वर्ग | मौ0 बिलाल | 9 | प्रथम |
| | | | सुनिल थापा | 9 | द्वितीय |
| | | | शाहरुख | 9 | तृतीय |
| | | जूनियर वर्ग | आर्यन | 6 | प्रथम |
| | | | दीपक केशी | 6 | प्रथम |
| | | | मौ0 आसिफ | 8 | द्वितीय |
| | | | रोहित मेनवाल | 8 | तृतीय |
| 4 | सनातन धर्म गर्ल्स इण्टर कालेज, मसूरी | सीनियर वर्ग | कु0 दीपिका धनाई | 10 | प्रथम |
| | | | कु0 नेहा रावत | 12 | द्वितीय |
| | | | कु0 प्रियंका | 12 | तृतीय |
| | | | कु0 किरन थापा | 12 | तृतीय |
| | | जूनियर वर्ग | कु0 कल्पना चौहना | 8 | प्रथम |
| | | | कु0 रेशमा | 8 | द्वितीय |
| | | | कु0 निकिता रौछेला | 7 | तृतीय |
| 5 | निर्मला इण्टर कालेज, बार्लोगंज, मसूरी | सीनियर वर्ग | कु0 अंजलि असवाल | 10 | प्रथम |
| | | | गौरव रमौला | 10 | द्वितीय |
| | | | कु0 रितु | 12 | तृतीय |
| | | जूनियर वर्ग | कु0 मनीषा रतूड़ी | 8 | प्रथम |
| | | | अजका खान | 8 | द्वितीय |
| | | | सुमित थापली | 8 | द्वितीय |
| | | | कु0 सौम्या | 8 | तृतीय |
| | | | कु0 एकता | 7 | तृतीय |



मा० विधायक मसूरी एवं पालिकाध्यक्ष मसूरी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर गोष्ठी का शुभारम्भ




गोष्ठी में उपस्थित छात्र-छात्रायें, अध्यापकगण, मीडिया एवं स्टाफ



मा० विधायक मसूरी द्वारा पुरस्कार वितरण




मा० पालिकाध्यक्ष मसूरी द्वारा पुरस्कार वितरण




प्रभागीय वनाधिकारी मसूरी द्वारा पुरस्कार वितरण



उप-प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा पुरस्कार वितरण




मा० पालिकाध्यक्ष मसूरी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए प्रभागीय वनाधिकारी एवं उप-प्रभागीय वनाधिकारी मसूरी




मा० विधायक मसूरी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए प्रभागीय वनाधिकारी एवं उप-प्रभागीय वनाधिकारी मसूरी

# समाचार पत्रों में

# अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस

## जीव, वनस्पति के विनाश पर चिंता

### अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता पर मसूरी वन प्रभाग में गोष्ठी

अमर उजाला ब्यूरो



मसूरी। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर आयोजित गोष्ठी में जीवों और वनस्पतियों के तेजी से हो रहे विनाश पर गहरी चिंता जताई गई। प्रदूषण, पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर विमर्श किया गया।

रविवार को मसूरी वन प्रभाग की ओर से गोष्ठी में मुख्य अतिथि विधायक जोत सिंह गुनसोला और पालिकाध्यक्ष ओपी उनियाल ने कहा कि मनुष्य की उपभोक्तावादी नीतियों और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से जीवन पर संकट मंडरा रहा है। डीएफओ रामगोपाल ने जीव और वनस्पति के संरक्षण को किए जा रहे उपायों पर प्रकाश डाला। इस दौरान आयोजित भाषण प्रतियोगिता में स्कूली छात्र-छात्राओं ने विचार रखे। सीनियर वर्ग में घनानंद के सतीश, मसूरी गर्ल्स की रुखसाना, भार्गव कालेज के बिलाल, सनातन की दीपिका और निर्मला कालेज की अंजलि, जूनियर वर्ग में घनानंद की सोनिया रावत, मसूरी गर्ल्स की रचना डिमरी, आरएन भार्गव के आर्यन, निर्मला के सुमित और सनातन की कल्पना चौहान को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उप प्रभागीय वनाधिकारी बीडी सिंह, वन क्षेत्राधिकारी एमएस मंदोला आदि मौजूद थे।

हिन्दुस्तान - 23 मई / 2011

# जीवों व वनों की सुरक्षा से ही पर्यावरण सुरक्षित

मसूरी | हमारे संवाददाता

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर पेड़ों के अंधाधुंध कटान व वन्य जीवों के शिकार पर चिंता जताते हुए कहा गया कि वन व जीव जंतु एकदूसरे के पूरक हैं। इनकी सुरक्षा से ही पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है।

मसूरी वन प्रभाग में गोष्ठी में मुख्य अतिथि विधायक जोत सिंह गुनसोला ने पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष ओपी उनियाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की ओर ध्यान देना होगा। एसडीओ डीबी सिंह ने कहा जैव विविधता को बचाने की जरूरत है।

इस मौके पर वन विभाग की निबंध प्रतियोगिता में घनानंद राजकीय इंटर कालेज सीनियर वर्ग में सतीश नौटियाल, राम सिंह व अंकुश भंडारी, जूनियर वर्ग में सोनिया, प्रिया व विपिन रावत क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय घोषित किए गए। मसूरी गर्ल्स इंटर कालेज सीनियर वर्ग में रुखसाना प्रथम, अंजलि द्वितीय तथा जूनियर वर्ग में रचना डिमरी प्रथम, सोनम व शिवानी द्वितीय।

आरएन भार्गव इंटर कालेज सीनियर वर्ग में बिलाल प्रथम, सुनील द्वितीय, जूनियर वर्ग में आर्यन प्रथम, दीपक व आसिफ द्वितीय, सनातन धर्म गर्ल्स इंटर कालेज सीनियर वर्ग में दीपिका प्रथम, नेहा द्वितीय, जूनियर वर्ग में कल्पना प्रथम, रेशमा द्वितीय, निर्मला इंटर कालेज सीनियर वर्ग में अंजलि प्रथम, गौरव व रितु द्वितीय रहे। डीएफओ राम गोपाल वर्मा ने आभार व्यक्त किया।